# उद्योग के दर्जे से कॉल सेंटर एआई कंपनियों को फायदा

- आईटी सेवा कंपनियां भी पाएंगी सुविधाएं
- आईटी को उद्योग दर्जे का शासनादेश जारी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। आईटी सेक्टर को उद्योग का दर्जा मिलने के बाद सूचना प्रौद्योगिक आधारित ढेरों सेवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा। इसमें काल सेंटर, ई कामर्स, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, एआई, गेमिंग समेत कारोबार से जुड़ी विभिन्न सेवाएं शामिल हैं। अब इनसे जड़ी कंपनियों को औद्योगिक दर पर जमीन मिल सकेगी साथ ही सस्ती बिजली भी उपलब्ध होगी।

सूचना प्रौद्योगिक विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने शनिवार को इससे संबंधित शासनादेश जारी कर दिया। इसमें आईटी आधारित कारोबार की सूची भी शामिल है। अब आईटी व आईटी आधारित विभिन्न सेवाएं इन सुविधाओं को पाने का हकदार होंगी। आईटी जनित सेवाओं में काल सेंटर, ईमेल हेल्पडेस्क, बैंक ऑफिस प्रोसेसिंग, फाइनेन्स एण्ड एकाउन्टिंग, इृ इन्श्योरेन्स क्लेम्स प्रोसेसिंग, मानव संसाधन सेवायें, वेब साइट विकास तथा अनुरक्षण सेवाये, डाटा रिसर्च, , दूरस्थ शिक्षा, एनीमेशन, गेमिंग, मार्केट रिसर्च, बिजनेस सिस्टम एण्ड प्रोसेसेज, डाटा प्रोसेसिंग समेत कई सेवाएं शामिल हैं।